हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 25 नवंबर 2025, समय 1305 (05 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम हरियाणा के धर्म क्षेत्र कुरुक्षेत्र में कई कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे।

प्रधानमंत्री ज्योतिसर में श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अवसर पर वे श्री गुरु तेग बहादुर जी के सम्मान में विशेष सिक्का और स्मारक डाक टिकट भी करेंगे।

इससे पहले श्री मोदी ज्योतिसर में श्रीकृष्ण के पवित्र शंख के सम्मान में नवनिर्मित 'पांचजन्य स्मारक का और महाभारत अनुभव केंद्र का लोकार्पण करेंगे।पांचजन्य स्मारक के लोकार्पण कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष करेंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

श्री मोदी पवित्र ब्रहमसरोवर पर पूजा अर्चना भी करेंगे।

****

गुरु श्री तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस समागम और अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को देखते हुए कुरुक्षेत्र जिले में सुरक्षा चाक चौबंद कर दी गई है। सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक न हो, इसके लिए व्यापक और बहु-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है।

पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान ड्यूटी में जरा-सी भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने बताया कि 14 आईपीएस अधिकारियों, 54 उप पुलिस अधीक्षक तथा विभिन्न जिलों से आई महिला एवं पुरुष टुकड़ियों सहित लगभग 5,000 पुलिस कर्मियों को सुरक्षा ड्यूटी पर लगाया गया है।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के रुट और मुख्य कार्यक्रम स्थलों पर “चप्पे-चप्पे पर पुलिस जवान” तैनात रहेंगे। सुरक्षा व्यवस्था को आधुनिक तकनीक से युक्त करते हुए मुख्य मार्गों,

चौराहों और भीड़ वाले बिंदुओं पर हाई-रिजोल्यूशन सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जो हर गतिविधि पर नजर रखेंगे।

पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान पूरे कुरुक्षेत्र में ड्रोन और ग्लाइडर उड़ाने पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सुरक्षा की दृष्टि से किसी भी कंपनी, संस्था या व्यक्ति को ड्रोन अथवा ग्लाइडर उड़ाने की अनुमति नहीं होगी।

****

हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि पलवल शुगर मिल का पिराई सत्र भी जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा। इस संदर्भ में आला अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी कर दिए गए है।

खेल मंत्री आज पलवल अनाज मंडी में मंडी समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष पंकज विरमानी एवं उपाध्यक्ष मुकेश सिंगला के पदभार ग्रहण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

श्री गौरव गौतम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसान हितैषी सरकार है।

मीडिया के सवालों के जवाब देते हुए श्री गौरव गौतम ने कहा -

1 -गौरव गौतम

****

नागर निगम फरीदाबाद के आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने वार्ड 37 और 39 हरित पट्टी पर अवैध कब्जों को तुरंत हटाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि हरित पट्टी पर कब्जा किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों पर भारी चालान किया जाएगा। आयुक्त ने साथ ही सेक्टर-8 और सेक्टर-10 की मार्केट में दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण पर भी सख्त रुख अपनाते हुए अवैध निर्माण हटाने की चेतावनी दी है ।

****

हिसार की जाट धर्मशाला में आज दीनबंधु सर छोटू राम की 145 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में राज्यसभा सांसद ने कहा कि इस कार्यक्रम के अंदर सर्व समाज के जिन लोगों ने अच्छे सामाजिक काम किए हैं या कुछ उपलब्धियां हासिल की हैं, उनको सम्मानित किया गया है।

उन्होंने कहा कि किसानों की भलाई के लिए किए कामों की वजह से दीनबंधु सर छोटू राम को बहुत ही सम्मान के साथ याद किया जाता है।

****

जींद जिले के गांव फतेहगढ़ के निकट पुलिस ने एक बदमाश को हथियारों की खेप के साथ काबू किया है। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि आरोपी के कब्जे से पांच पिस्तौल तथा दस जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि गिरफ्तार किए गए बदमाश पर आरोपित पर हत्या, जानलेवा हमला करने, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं के तहत अपराधिक मामले दर्ज हैं ।

****

भारतीय स्टेट बैंक-एसबीआई ने कहा है कि नई श्रम संहिताओं के कार्यान्वयन से अर्थव्यवस्था को उल्लेखनीय बढ़ावा मिलेगा और देश में बेरोजगारी दर में कमी आएगी। बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार नए श्रम संहिताओं से बेरोजगारी दर में 1 दशमलव 3 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। इससे 77 लाख अतिरिक्त रोजगार सृजित होंगे।

****